तापमान

अधिकतम 29 डिग्री

न्यूनतम 18 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 23 अक्टूबर 2025

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर



4 नर्सरी ग्राउंड बना शराबियों का अड्डा, युवाओं में आक्रोश




## खबर संक्षेप

### भाई दूज का पर्व आज

**बैकुण्ठपुर।** प्रतिवर्ष कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को भाई दूज मनाया जाता है। इसे यम द्वितीया भी कहा जाता है। भाई-बहन के रिश्ते का प्रतीक पर्व भाई दूज 23 अक्टूबर को मनाया जाएगा। यह पर्व दिन की बेला में मनाया जाता है।

### मेधावी विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन आवेदन 30 तक

**बैकुण्ठपुर।** भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा वर्ष 2022-23 से प्रारंभ की गई यह योजना देशभर के सर्वश्रेष्ठ निजी आवासीय विद्यालयों में मेधावी विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण और निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चलाई जा रही है। इस योजना के अंतर्गत राष्टीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा प्रतिवर्ष राष्टीय प्रवेश परीक्षा (एनईटीएस) आयोजित की जाती है, जिसके माध्यम से कक्षा 9 वीं और 11 वीं में विद्यार्थियों का चयन किया जाता है। चयनित विद्यार्थी कक्षा 12 वीं तक की शिक्षा उन्हीं विद्यालयों में पूरी करते हैं। शिक्षा एवं छात्रावास का समस्त व्यय भारत सरकार द्वारा वहन किया जाता है, विद्यार्थियों से किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाता। साथ ही ब्रिज कोर्स के लिए वार्षिक शुल्क का 10 प्रतिशत तक अतिरिक्त प्रावधान भी है। वर्ष 2026-27 के लिए एनईटीएस परीक्षा का आयोजन दिसंबर 2025 में संभावित है। ऑनलाइन आवेदन पोर्टल 10 से 30 अक्टूबर की शाम 5 बजे तक खुला रहेगा तथा सुधार विंडो 1 से 2 नवंबर तक उपलब्ध रहेगी। योजना की विस्तृत जानकारी एवं सार्वजनिक सूचना राष्टीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने दिए गए कड़े निर्देश

**मनेन्द्रगढ़।** छग परिवहन मंत्री केदार कश्यप ने सभी संभागायुक्तों, पुलिस महानिरीक्षकों और विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जनसंख्या के आधार पर दुर्घटनाओं का तुलनात्मक विश्लेषण करें तथा रोकथाम के लिए ठोस कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि देश के अन्य राज्यों द्वारा दुर्घटनाओं में कमी लाने के सफल उपायों को छग में भी लागू किया जाए। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि स्कूली, कॉलेज एवं कोचिंग संस्थानों में छात्र केवल हेलमेट पहनकर ही प्रवेश करें। हाईवे और रिंग रोड पर बिना हेलमेट या सीट बेल्ट के वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में यह तथ्य सामने आया कि राज्य के 33 जिलों में जिला सड़क सुरक्षा समितियों की 264 निर्धारित बैठकों के मुकाबले केवल 108 बैठकें आयोजित हुईं, जिसे मंत्री ने गंभीरता से लेते हुए फटकार लगाई।

### पुरानी रंजिश को लेकर ग्रामीण से मारपीट, जुर्म दर्ज

**अम्बिकापुर।** पुरानी रंजिश को लेकर गांव के तीन लोगों ने युवक की जमकर पिटाई कर दी। प्रतापपुर थाना अंतर्गत ग्राम बरबसपुर निवासी राजकमल शांडिल्य आ. विजय कुमार शांडिल्य (19 वर्ष) 18 अक्टूबर की रात नदी समीप खेत की ओर से घर लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में गांव के ही लक्ष्मी प्रसाद, राम कुमार शांडिल्य व जीतु शांडिल्य मिल और तीनों ने पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट करना शुरू कर दिया। पीड़ित युवक ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई।

### आठ जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा

**अम्बिकापुर।** कर्बला के समीप हार जीत का दाव लगा रहे आठ जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। बीती रात क्षेत्र में गश्त कर रहे कोतवाली पुलिस ने सत्तीपारा कर्बला के समीप हार जीत का दांव लगा रहे मोहल्ले के साहिन महानंद, किशोर, गेसू राम रावत, आकाश दास, विशेष मानिकपुरी, प्रशांत कुमार, संजय सोनी व सत्य नारायण को पकड़ा। पुलिस ने फड़ से 52 पत्ती सहित 8 हजार रुपए जब्त किया।

## शहर में आरोपियों का पुलिस ने निकाला जुलूस

# दोहरे हत्याकांड का मुख्य आरोपी देशी कट्टा, जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

कोरिया पुलिस ने ग्राम बड़े साल्ही में हुए दोहरे हत्या कांड का खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी के पास से एक देशी कट्टा व 7 नग जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। आरोपियों को महाराष्ट तक पीछा कर गिरफ्तार किया गया।

■ महाराष्ट्र तक पीछा कर पुलिस ने किया 3 आरोपियों को गिरफ्तार

गिरफ्तार आरोपी में सुरेश ठाकुर उर्फ बबलू उर्फ कानपुरिया पिता स्व. राम भांकर उम्र 38 वर्ष निवासी विनोबा नगर चौकी बालपुर, थाना सिवाली, जिला कानपुर देहात उत्तरप्रदेश, हाल मुकाम खड़गवां कोलपारा, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर। प्रदीप बैरागी पिता स्व. हरिदास उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम सेमर खापा, थाना मंडला मध्यप्रदेश। सहदेव सूर्यवंशी पिता करण साय सूर्यवंशी उम्र 37 वर्ष निवासी ठगगांव छुहाईपारा, थाना खड़गवां, जिला एमसीबी छग के हैं। इन सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद कोरिया पुलिस ने इनका जुलूस शहर में निकाला। विदित हो कि बीते 14 अक्टूबर 2025 की रात बचरापोंडी चौकी को सूचना मिली कि ग्राम बड़े साल्ही में रायराम केंवट के घर में आग लगी है। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने देखा कि घर पूरी तरह जल चुका था। रायराम की आग से जलकर मृत्यु हो गई थी, जबकि उसकी पत्नी पार्वती बाई गंभीर रूप से झुलस गई थी और इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। पुलिस जांच में मृतक के दामाद सुरेश ठाकुर उर्फ कानपुरिया का नाम सामने आया, जिसने अपने साथी प्रदीप बैरागी के साथ मिलकर पेट्रोल डालकर रायराम को जिंदा जला दिया। घटना के बाद दोनों फरार हो गए थे। सरगुजा रेंज के पुलिस महानिरीक्षक दीपक कुमार झा और पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल तथा एसडीओपी राजेश कुमार साहू के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम में बैकुंठपुर कोतवाली, चौकी पोड़ी बचरा और सायबर सेल के अधिकारी शामिल रहे। जांच के दौरान यह जानकारी मिली कि आरोपी सहदेव सूर्यवंशी ने दोनों आरोपियों को घटना के बाद छिपने में मदद की थी। सायबर टीम के सहयोग से आरोपियों का लोकेशन महाराष्ट के नागपुर तक मिला। निरीक्षक विनोद पासवान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने महाराष्ट से लगातार पीछा किया और रतनपुर-कटघोरा के मध्य मुख्य आरोपी सुरेश ठाकुर और प्रदीप बैरागी को पकड़ लिया। गिरफ्तारी के दौरान मुख्य आरोपी से देशी कट्टा व 7 जिंदा कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल (होण्डा लीवो क्रमांक यूपी 77 एक्स-3746) बरामद की गई। कोरिया पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 348/2025 धारा 103 (1), 109 (1), 326 (छ), 332 (ए), 3 (5), 249, 61 बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी बैकुंठपुर निरीक्षक बिपिन कुमार लकड़ा, सायबर प्रभारी निरीक्षक विनोद पासवान, चौकी पोड़ी बचरा के उपनिरीक्षक अब्दुल मुनाफ, महेश कुशवाहा, प्रधान आरक्षक अरविंद कौल, आरक्षक दीपक पांडेय, नवीन साहू, अमरेशानंद, शिवम सिन्हा, सजल जायसवाल, समीर जायसवाल, इलियास कुजूर, राजेश रगड़ा, मनोज पांडेय, राघवेन्द्र पुरी, रौशन एक्का एवं रेंज सायबर थाना सरगुजा से आरक्षक कुंदन सिंह और सुयश पैकरा का विशेष योगदान रहा।




खुलासा करते एसपी।



जब्त जिंदा कारतूस और हथियार।

# चार दिन तक छठमय रहेगा कोरिया जिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

सूर्य उपासना का महान लोकपर्व छठ पूजा इस वर्ष भी पूरे श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जाएगा। कोरिया-एमसीबी जिले के शहरी इलाकों में चार दिनों तक चलने वाले इस पर्व की रौनक देखते ही बनती है। नदी-तालाबों, घाटों और तालाब किनारों की साफ-सफाई, सजावट और प्रकाश व्यवस्था को लेकर स्थानीय प्रशासनिक की तैयारियां जोरों पर हैं।

■ सर्यू उपासना के महापर्व छठ पूजा की तैयारियां जोरों पर

छठ महापर्व की शुरूआत शनिवार 25 अक्टूबर को नहाय-खाय के साथ हुई, जिस में श्रद्धालुओं ने घरों की शुद्धि कर पवित्र भोजन ग्रहण किया। दूसरे दिन रविवार 26 अक्टूबर को खरना के अवसर पर व्रतियों ने गुड़-चावल की खीर और रोटी का प्रसाद बनाकर सूर्य देव को अर्पित किया। इसी शाम से ही व्रतियों का निर्जला उपवास शुरू हो जाएगा। तीसरे दिन यानी 27 अक्टूबर को संध्या अर्घ्य के साथ व्रतीजन डूबते सूर्य को अर्घ्य देंगे, जबकि चौथे दिन 28 अक्टूबर की प्रातःकालीन अर्घ्य के साथ पर्व का समापन होगा। इस अवसर पर कोरिया-एमसीबी जिले के बैकुंठपुर, चिरमिरी, मनेन्द्रगढ़, चरचा, खड़गवां, पटना और सोनहत क्षेत्र के प्रमुख तालाबों व घाटों पर भक्तों की भारी भीड़ जुटेगी। नगर पालिका और ग्राम पंचायतों की ओर से घाटों की साफ-सफाई, साज-सज्जा, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा इंतजाम किए जा रहे हैं। पुलिस और प्रशासन ने विशेष गश्ती की व्यवस्था की है, वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीमें भी घाटों के पास तैनात रहेंगी। महिलाएं पारंपरिक परिधानों में गीत गाती हुई बांस की सुपलियों में ठेकुआ, केला, नारियल, नींबू, गन्ना, सूप, सिंघाड़ा और विविध फलों से सजे प्रसाद के साथ घाटों की ओर रुख करेंगी। जिले में कई जगहों पर सामूहिक छठ घाटों का निर्माण किया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को सुविधा मिल सके।



तैयार हो रहा छठघाट।

**ये हैं छठ पूजा के कार्यक्रम**

| | |
|---|---|
| 25 अक्टूबर- | नहाय खाय |
| 26 अक्टूबर- | खरना, लोहड़ा |
| 27 अक्टूबर- | संध्या अर्घ्य |
| 28 अक्टूबर- | प्रातःकालीन अर्घ्य |

## स्वास्थ्य मंत्री ने मरीजों और अस्पताल स्टाफ के साथ मनाई दीपावली



अस्पताल पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री।

**बैकुण्ठपुर।** दीपावली की संध्या के अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल एमसीबी जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खड़गवां पहुंचकर मरीजों और उनके परिजन तथा अस्पताल स्टाफ के साथ त्योहार की खुशियां साझा कीं। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों का हालचाल जाना और उन्हें जल्द स्वस्थ होने की शुभकामनाएं दीं।

इस दौरान श्री जायसवाल ने मरीजों और उनके परिजन तथा अस्पताल स्टाफ को फल एवं मिठाई वितरित की। अस्पताल परिसर में मौजूद लोगों ने स्वास्थ्य मंत्री के साथ मिलकर दीप प्रज्ज्वलित कर दिपावली का उत्सव मनाया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि बीमार व्यक्तियों की सेवा और उनका मनोबल बढ़ाना मेरे लिए दिपावली को सार्थक बनाता है। स्वास्थ्य विभाग लगातार बेहतर सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अस्पताल के स्टाफ को भी इस अवसर पर समर्पण और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी।

### सोशल मीडिया पर भ्रम फैलाने वालों के खिलाफ एक्शन की तैयारी

**कोरबा।** रेलवे प्रशासन ने सोशल मीडिया पर रेलवे से जुड़े भ्रामक एवं पुराने वीडियो साझा करने वाले सोशल मीडिया हैंडल्स के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। त्योहारों के इस सीजन में कुछ असामाजिक तत्व सोशल मीडिया पर पुराने अथवा गलत वीडियो वायरल कर यात्रियों में अनावश्यक भ्रम और असंतोष फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे मामलों पर कड़ी निगरानी रखते हुए रेलवे प्रशासन अब तक 20 से अधिक सोशल मीडिया हैंडल्स की पहचान कर चुका है और उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। रेलवे द्वारा सोशल मीडिया गतिविधियों पर 24 गुना 7 मॉनिटरिंग की जा रही है ताकि ऐसे भ्रामक कंटेंट फैलाने वालों पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। रेलवे प्रशासन सभी सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं से अपील करता है कि किसी भी वीडियो या सूचना को साझा करने से पहले उसकी प्रामाणिकता अवश्य जांच लें।

# दीपों की रौशनी से जगमगाया शहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

■ शुभ मुहूर्त में हुई मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना, आसमान में छाई आतिशबाजी की चमक

शहर की गलियों से लेकर गांवों तक दीपों, फुलझड़ियों और मुस्कुराते चेहरों से सजा दीपोत्सव भक्ति, आनंद और सौहार्द का प्रतीक बना रहा। सोमवार को दीपावली का पर्व जिलेभर में धूमधाम, उल्लास और आस्था के वातावरण में मनाया गया। सुबह से ही लोगों ने अपने घरों और प्रतिष्ठानों को दीपों, झालरों और फूलों से सजाना शुरू कर दिया था।

शाम ढलते ही नगर की गलियां, चौक-चौराहे और मकान दीपों की जगमग रोशनी में नहा उठे। घर-घर में धन की देवी मां लक्ष्मी की विशेष पूजा-अर्चना की गई। पूजा के बाद लोगों ने आतिशबाजी कर दीपोत्सव की रात को और भी रोशन बना दिया। दीपों और विद्युत झालरों की रोशनी से पूरा कोरिया-एमसीबी जिला आलोकित हो उठा। हर घर में सजे दीयों की कतारें, रंग-बिरंगे बल्बों की चमक और फुलझड़ियों की जगमगाहट से शहर का हर कोना रौशन हो गया। दीपावली के अवसर पर व्यापारिक प्रतिष्ठानों और कार्यालयों में भी धन की देवी मां लक्ष्मी की विशेष पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने ब्राह्मणों द्वारा बताए गए शुभ मुहूर्त और स्थिर लग्न में पूजन किया, ताकि मां लक्ष्मी का स्थायी निवास बना रहे। ज्योतिष विद्वानों के अनुसार चौघड़ियां और लग्न की अनुकूल दशा में किया गया पूजन विशेष फलदायी माना गया। देर रात तक घरों और दुकानों में आरती, दीप प्रज्ज्वलन और प्रसाद वितरण का सिलसिला चलता रहा।



पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु।



बनाई गई रंगोली।

### रंगोली बनी आकर्षण का केन्द्र

दीपावली के दिन घरों के सामने रंगोली बनाने की परंपरा इस बार भी पूरी श्रद्धा और उत्साह से निभाई गई। महिलाओं और बच्चियों ने सुबह से ही रंग-बिरंगी और आकर्षक रंगोलियां बनाकर घरों की सुंदरता बढ़ा दी। कहीं देवी-देवताओं के चित्र तो कहीं पुष्पों और ज्यामितीय आकृतियों वाली रंगोलियां बनाई गइं, जिनमें रंगों की चमक और कला की सुंदरता देखने लायक थी।

## ईएनटी डॉ. चौहान ने बचाई मासूम की जान




**बैकुण्ठपुर।** मानवता और पेशे के प्रति समर्पण का उदाहरण पेश करते हुए जिला अस्पताल बैकुंठपुर में पदस्थ चिकित्सक डॉ. योगेन्द्र चौहान ने एक मासूम बच्ची की जान बचाई। जानकारी के अनुसार जामपानी निवासी जगतपाल की ढाई वर्षीय बच्ची प्रियंका ने खेलते-खेलते एक सिक्का निगल लिया, जिससे परिजन में अफरा-तफरी मच गई। बच्ची को सांस लेने में तकलीफ होने लगी, तो घबराए हुए परिजन तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। सूचना मिलते ही डॉ. योगेन्द्र चौहान ने बिना देर किए आपातकालीन विभाग पहुंचकर उपचार प्रारंभ किया। डॉक्टर की कुशलता और तत्परता से बच्ची के गले में फंसा सिक्का सफलतापूर्वक निकाल लिया गया। इस पूरे उपचार कार्य में डॉ. दीपक, ड्रेसर शुभम गौतम और आपातकालीन स्टाफ का भी सराहनीय योगदान रहा। बच्ची के सुरक्षित होने पर परिजन ने राहत की सांस ली और जिला अस्पताल की चिकित्सा टीम के प्रति आभार व्यक्त किया।

### कॉलेज में धूमधाम से मना दीपोत्सव

**मनेन्द्रगढ़।** डॉ.आरएनएस शिक्षा महाविद्यालय में दीपोत्सव का पर्व दीपावली हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री गणेश एवं मां लक्ष्मी के चित्र पर माल्यार्परण एवं दीप प्रज्जवलित कर विधि विधान पूजा के साथ किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के द्वारा मनमोहक रंगोली बनाई गई। रंगोली की खास बात रही कि रंगोली बेटी बचाव एवं सड़क सुरक्षा विषय पर रहा, जिससे संदेश देने का कार्य किया गया साथ ही मनमोहक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के अध्यक्ष राजेश शर्मा ने कहा कि दीपावली केवल दीप का पर्व नहीं बल्कि अंधकार से प्रकाश की ओर, अज्ञान से ज्ञान की ओर का पर्व है। महाविद्यालय के प्राचार्य नरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने सभी छात्र-छात्राओं को दीपावली की शुभकामनां दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं सहित स्टाफ उपस्थित रहे।



## पुलिस लाइन में श्रद्धांजलि समारोह, विधायक समेत कई हुए शामिल

# पुलिस स्मृति दिवस : अमर शहीदों के बलिदान को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

देश की सुरक्षा, शांति और जनसेवा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर पुलिस शहीदों की स्मृति में रक्षित केन्द्र मैदान बैकुंठपुर में पुलिस स्मृति दिवस 2025 का आयोजन अत्यंत श्रद्धा एवं अनुशासनपूर्ण वातावरण में किया गया।

समारोह में पुलिस बल के जवानों, अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने गहरी भावनाओं के साथ शहीदों को नमन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 8:45 बजे हुआ तथा संपूर्ण परेड का संचालन रक्षित निरीक्षक नितीश आर. नायर द्वारा किया गया, जिन्होंने शहीद परेड एवं शोक शस्त्र की कार्रवाई का निर्देशन करते हुए श्रद्धांजलि समारोह को अनुशासित ढंग से संपन्न कराया। शहीद स्मृति दिवस परेड में पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे के द्वारा शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए साथ में मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक भईयालाल रजवाड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, पूर्व अध्यक्ष शैलेश शिवहरे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीएम उमेश पटेल, जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रवीन्द सिंह, उप पुलिस अधीक्षकगण श्यामलाल मधुकर, जेपी भारतेन्दु, नेल्सन कुजूर, राजेश साहू, रक्षित निरीक्षक विपुल आनंद जांगड़े, तथा जिले के सभी थाना/चौकी प्रभारी, अधिकारी-कर्मचारी, पत्रकारगण एवं काफी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की प्रमुख कार्रवाईयों के क्रम में प्रातः 9 बजे पुलिस अधीक्षक कोरिया का आगमन हुआ, जिनको परेड द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दी गई। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक कोरिया ने पोडियम पर स्थान ग्रहण किया। पॉल बेयरर पार्टी द्वारा शहीदों के नामों की सूची पुलिस अधीक्षक को सौंपी गई, जिसके उपरांत एसपी श्री कुर्रे ने बीते वर्ष शहीद हुए अमर शहीदों के 191 नामों का वाचन करते हुए उन्हें नमन किया। सूची को तत्पश्चात सम्मानपूर्वक शहीद स्मारक स्थल पर रखा गया, जहां उपस्थित समस्त अधिकारियों एवं नागरिकों ने मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। इसके पश्चात शोक शस्त्र, सलामी और पुनः सलामी की कार्रवाई संपन्न हुई। कार्यक्रम के दौरान एसपी श्री कुर्रे द्वारा शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र (रीथ) चढ़ाकर शहीदों के प्रति अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात शहीद परिवारजन का सम्मान किया गया। एसपी श्री कुर्रे ने जानकारी देते हुए कहा कि कर्तव्य का निर्वहन करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले पुलिस के अमर शहीदों को आज हम नमन करते हैं। वर्ष 1959 में लद्दाख के दुर्गम क्षेत्र में मातृभूमि की रक्षा के लिए शहीद हुए हमारे वीर साथियों की स्मृति में ही प्रत्येक वर्ष 21 अक्टूबर को यह दिवस मनाया जाता है। देश की आजादी के बाद से अब तक अनगिनत पुलिसकर्मियों ने राष्ट की अखंडता और नागरिकों की सुरक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर किए हैं। बीते एक वर्ष में 191 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी अपने कर्तव्य पथ पर बलिदान हुए हैं, जिनकी स्मृति में यह श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया जाता है।



श्रद्धांजलि अर्पित करते पुलिस कर्मी।

## खबर संक्षेप

### धर्मांतरण का प्रयास कर रहे तीन लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार





**दरिमा।** धर्मांतरण का प्रयास करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि दरिमा पुलिस को शिकायत मिली थी कि जयप्रकाश साव व अजित कुमार कुजूर कुम्हरता गवरडांड में झकल राम प्रजापति के यहां 50 से अधिक की संख्या में लोगों को एकत्रित कर विद्वेषपूर्ण तरीके से बीमारी, परेशानी दूर करने का झांसा देकर धर्म परिवर्तन करने का प्रयास किया जा रहा है। सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर दबिश दी तो संदेही युवक धर्मांतरण करते मिले। ऐसे में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रायगढ़ खरसिया निवासी हाल मुकाम सीतापुर चलता निवासी 40 वर्षीय जयप्रकाश साव आ. पन्ना लाल साव, सीतापुर मंगारी निवासी 28 वर्षीय अजित कुमार कुजूर आ. मोहर साय, दरिमा कुम्हरता गवरडांड निवासी 38 वर्षीय झकल राम प्रजापति आ. स्व. अंतराम को बीएनएस की धारा 299, 3(5) एवं छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्रय अधिनियम 1968 की धारा 4 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में दरिमा थाना प्रभारी राजेश खलखो, प्रधान आरक्षक सुजीत पाल, शत्रुधन सिंह, आरक्षक टिकेश्वर, श्यामलाल केरकेट्टा सक्रिय रहे।

### धर्म परिवर्तन कराने वाले लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सोनगर।** भटगांव थाना अंतर्गत ग्राम बुंदिया निवासी सुरेश कुमार आ.कुंवर साय उरांव (35वर्ष) थाने में 19 अक्टूबर को रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 19 अक्टूबर की सुबह 8 बजे गांव का सुरेश आ. बाबूलाल घर आकर बोला कि बच्चू उरांव के घर बुला रहे हैं। जब सुरेश बच्चू के घर गया तो वहां पर बज्जू मिंज,जीवन लकड़ा, शिव टोप्पो, धीरन टोप्पो मिले और बोले की हिंदू धर्म के देवी देवताओं को मानने से कोई फायदा नहीं है। ईसाई धर्म को अपनाने से सभी प्रकार की बीमारी एवं गरीबी दूर हो जाता है एवं गांव में सरकारी जमीन का पट्टा भी बन जाता है। गांव के ही फूल कंवर एवं उसके पति बिरजू लोगों के नाम पर सरकारी जमीन पट्टा बन गया है। सुरेश को प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 299, 354, 196, 197, 3(5) के तहत अपराध दर्ज किया। सबूत पाए जाने पर पुलिस ने आरोपी बज्जू आ. फउदा (45 वर्ष), शिवा आ. पांडू (56 वर्ष), जीवन लकड़ा आ. अघनु, दिन टोप्पो आ. शिव टोप्पो को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में मना दीपोत्सव

**मनेन्द्रगढ़।** दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में पूरे हर्षोल्लास के साथ दीपावली का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर सबसे पहले विशेष प्रातः सभा का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉक्टर बसंत कुमार तिवारी द्वारा मां लक्ष्मी एवं बुद्धि के दाता भगवान श्री गणेश के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन तथा माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात कक्षा दूसरी के विद्यार्थी जिज्ञांश आर्या द्वारा इस विशेष दिन के महत्व को बताने के लिए भाषण प्रस्तुत किया गया। कक्षा चौथी के छात्र-छात्राओं गीत की प्रस्तुति दी गई। वहीं कक्षा दूसरी के छात्र-छात्राओं द्वारा माता शबरी एवं भगवान श्रीराम के लिए उनके प्रेम पर आधारित एक नाटक प्रस्तुत किया गया। इस भावनात्मक प्रस्तुति के पश्चात विद्यालय के वरिष्ठ छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस प्रस्तुति के पश्चात विद्यालय के वरिष्ठ छात्र-छात्राओं द्वारा दीपावली पर्व की महत्व को बताने के लिए एक शानदार नाट्य प्रस्तुति दी गई। इस नाटक के द्वारा विद्यालय के वरिष्ठ छात्र-छात्राओं ने सत्य की जीत तथा भगवान श्रीराम के आदर्शों तथा मूल्यों को विद्यालय के समक्ष प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉक्टर बसंत कुमार तिवारी ने विद्यालय को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि दीपावली का पर्व केवल दीप जलाने का उत्सव नहीं, बल्कि यह अंधकार से प्रकाश की ओर अज्ञान से ज्ञान की ओर और बुराई से अच्छाई की ओर बढ़ने का प्रेरक संदेश देता है। आयोजन पर विद्यालय की निदेशिका श्रीमती पूनम सिंह ने कहा कि आज के समाज की आवश्यकता है।

### एकेडेमिक हाइट्स स्कूल में मनी दीपावली

**मनेन्द्रगढ़।** जिले के प्रतिष्ठित विद्यालय में दीपोत्सव का पर्व दीपावली हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मनेन्द्रगढ़ जिले की मारवाड़ी महिला समिति की अध्यक्ष श्रीमती श्वेता पोद्दार ,मारवाड़ी महिला समिति की अन्य पदाधिकारी एवं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्रीमती प्रीति पोद्दार श्रीमती संगीता शर्मा, श्रीमती डिम्पल बंसल उपस्थित रहे। मुख्य अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बुद्धि दाता भगवान श्री गणेश एवं धन धान्य की मां लक्ष्मी जी के चित्र पर माल्यार्पण और द्वीप प्रज्जवलित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर किया गया। इस अवसर पर कक्षा पहली एवं दूसरी के लिए दिया डेकोरेशन, कक्षा तीसरी से पांचवी के लिए तोरण बनाना, कक्षा आठवीं के लिए फायरलेस कुकिंग, कक्षा ग्यारहवीं एवं बारहवीं के लिए रंगोली और मेहंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सभी विद्यार्थियों ने उक्त प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अतिथियों एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों के द्वारा बनाए गए स्वादिष्ट व्यंजनओं का लुत्फ उठाया। आकर्षक रंगोली एवं मेहंदी ने सभी का मनमोह लिया।

## दीपावली को लेकर तैयारियां पूर्ण, दिनभर चली खरीददारी

# जिला व पुलिस प्रशासन सहित अस्पताल प्रबंधक भी अलर्ट मोड में

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

रविवार को दीपावली का त्यौहार धूमधाम से मनाया जाएगा। दीपावली पर शुभ मुहूर्त में पूजा की जा ए गी । दीपावली के त्यौहार को लेकर बड़े पैमाने पर तैयारियां की गई है इसके साथ ही प्रशासन व पुलिस विभाग द्वारा भी त्यौहार को शांतिपूर्ण व सुरक्षित ढंग से मानाने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए है और हुड़दंग करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। इधर अस्पताल प्रबंधनर एवं दमकल विभाग ने भी तीन शिफ्ट में अपने कर्मचारियों को तैनात किया है ताकि किसी भी परिस्थिति से निपटा जा सके।

**खास बात**
- शहर में रहेगी कड़ी सुरक्षा, हुड़दंग करने वालों पर होगी कार्रवाई

बता दें कि दीपावली के मौके पर जिले सहित संभाग भर में बड़े पैमाने पर तैयारियां की गई है। लोगों द्वारा धनतेरस के अवसर पर जमकर खरीददारी की। इसके साथ ही रविवार को भी को लोगों ने पटाखे, मिठाइयों व पूजा सामग्रियों, सजावट के सामग्रियों की जमकर खरीदारी की। सोमवार को दीपावली का त्यौहार जिलेभर में धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके पूर्व रविवार को लोगों ने छोटी दीपावली पर घरों में विधि विधान से पूजा अर्चना की। दीपावली के दौरान जिले में शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए है। शहर में बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है जबकि फिक्स प्वाइंट बनाए गए है। पुलिस की पेट्रोलिंग टीम शहर व जिले में घूमती रहेगी। अनावश्यक किसी के घर के बहार पटाखे फोड़ने पर कड़ी कार्रवाई के लिए भी दिशा निर्देश जारी किए गए है। प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य विभाग व दमकल विभाग को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना होने पर निपटा जा सके। दीपावली त्यौहार के मद्देनजर किसी प्रकार की दुर्घटना में लोग घायल होते है और उन्हें समय पर उपचार मिल सके इसके लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल प्रबंधन न सिर्फ सजग है बल्कि अलट कर मरीजों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। कई बार एक साथ कई मरीजों के पहुंच जाने पर चिकित्सकों सहित स्टाफ की परेशानी बढ़ जाती है। ऐसे में मरीजों को किसी प्रकार की परेशान न हो इसके मद्देनजर अस्पताल प्रबंधन द्वारा पहले से ही चिकित्सक व स्टाफ की ड्यूटी आपातकालीन कक्ष में लगा दी है। प्रभारी अस्पताल अधीक्षक डॉ. जेके रेलवानी ने बताया कि दीपावली त्यौहार के मद्देनजर पुलिस विभाग से लेटर आय है। सभी विभाग को अलर्ट किया या साथ हीआपातकालीन कक्ष के अलावा अलग से एक सर्जन सहित स्टाफ की तैनाती की गई है जो अलग-अलग शिफ्ट में ड्यूटी पर तैनात रहेंगे। आज से ही चिकित्सक व स्टाफ की ड्यूटी लगा दी गई है।



आईसालेशन वार्ड।

**बनाए गए हैं अलग वार्ड**

दीपावली त्यौहार के मद्देनजर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में आग से झुलसने सहित अन्य घटनाओं में घायल होने वाले मरीजों के लिए अलग से वार्ड बनाया गया है। मरीजों को परेशानी न हो इसके लिए आइसोलेशन वार्ड को आपातकालीन परिस्थिति के लिए अलग से वार्ड बनाया गया है। हालांकि अत्यधिक गंभीर मरीजों के लिए आईसीयू में रखा जाएगा जिसके लिए अस्पताल प्रबंधन द्वारा सारी तैयारियां पूर्ण कर ली है।

**पर्याप्त मात्रा में है दवाइयां**

अस्पताल में पर्याप्त मात्रा में दवाइयां है। सभी वार्ड में दवाइयां का स्टॉक रखा गया है जिससे आपातकालीन परिस्थिति में दवाइयां आसानी से उपलब्ध हो सके। इसके अलावा पटाखे से जुझलसे मरीज के लिए भी बर्न वार्ड में पर्याप्त दवाइया उपलब्ध कराई गई है।

**चिकित्सकों की लगाई गई है ड्यूटी**

दीपावली त्यौहार को ध्यान में रखकर सर्जन चिकित्सक व स्टाफ की अलग से व्यवस्था की गई है। दीपावली के दिन कोई मरीज आते है तो उन्हें अलग से आईसोलेशन वार्ड का आरक्षित रखा गया है। इसके अलावा सभी चिकित्सक ऑन कॉल ड्यूटी में तैनात रहेंगे।

-डॉ. जेके रेलवानी
प्रभारी अस्पताल अधीक्षक

# कुंजनगर में पटाखे की चिंगारी से टाटा मैजिक वाहन में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



43 किनारे स्थित ग्राम कुंजनगर में शनिवार को एक टाटा मैजिक वाहन में पटाखे की चिंगारी लगने से आग ल ग गई,देखते ही देखते वाहन में भीषण आग की लपटें उठने लगी और मौके पर अफरा तफरी जैसी स्थिति निर्मित हो गई, घटना रात लगभग साढ़े आठ बजे की बताई जा रही है।

- वाहन के सामने का हिस्सा जलकर खाक
- स्थानीय ग्रामीणों व दमकल वाहन ने आग बुझाकर स्थिति को किया नियंत्रणु

गौरतलब है कि ग्राम कुंजनगर मुख्य मार्ग किनारे लोग धनतेरस की खुशी में पटाखे फोड़ रहे थे,इसी दौरान एक पटाखा उड़कर सड़क किनारे खड़ी टाटा मैजिक में जा गिरा जो कुछ ही क्षणों में आग की लपटों से धधक उठा।आसपास के लोग पहले तो डर से पीछे हटे,लेकिन फिर कुछ युवकों ने साहस दिखाते हुए बाल्टी और टंकी का पानी डालकर आग पर काबू पाने की कोशिश की,इस दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत घटना की सूचना जयनगर व बिश्रामपुर पुलिस को दी। कुछ ही समय में जयनगर टीआई रूपेश कुंतल, बिश्रामपुर थाना प्रभारी टीआई प्रकाश राठौर, तथा एसडीओपी अभिषेक पैकरा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे,पुलिस अधिकारियों ने स्थिति को नियंत्रित किया और ग्रामीणों के साथ मिलकर आग बुझाने में जुट गए,करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया जा सका,एसईसीएल बिश्रामपुर की फायर ब्रिगेड टीम भी सूचना मिलते ही घटनास्थल के लिए रवाना हुई,इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन वाहन के सामने का हिस्सा जलकर खाक हो गया है,वाहन मालिक की पहचान असली देवांगन निवासी कुंजनगर के रूप में हुई है।

### नवापारा खदान समीप खेत में पलटी कार कुछ देर पश्चात अज्ञात कारणों से लगी आग

**बिश्रामपुर।** सड़क दुर्घटना उपरांत खेत में पलटी कार में अज्ञात कारणों से आग लग गई,वाहन में आग लगने उपरांत पुलिस ने तत्काल फायर ब्रिगेड को मौके पर बुलवाकर आग पर काबू पाया,लटोरी पुलिस ने बताया कि रविवार की दोपहर नवापारा खदान के पास एक स्विफ्ट कार चालक ने बाइक सवार को टक्कर मारने उपरांत अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में जाकर पलट गई। दुर्घटना में बाइक सवार व कार चालक को मामूली चोट आई है,पुलिस ने बताया कि घटना के करीब एक घंटे बाद कार में अज्ञात कारणों से आग लग गई,आग लगने से मौके पर हड़कंप मच गया,सूचना पर तत्काल फायर ब्रिगेड को मौके पर बुलाकर आग पर काबू पाया जा सका है, मामले में अब संशय की स्थिति निर्मित हो गई है कि कार में शॉर्ट सर्किट से आग लगी है या किसी ने जान बूझकर आग लगाई है, यह जांच का विषय है। दुर्घटनाग्रस्त कार जांजगीर जिले की बताई जा रही है।

# समूह नृत्य से अर्जित धन से वृद्धजन को भेंट किए उपहार



**बैकुंठपुर।** दीपावली पर्व को अनोखे अंदाज में मनाते हुए शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई की छात्राओं ने इस वर्ष वृद्धाश्रम में दीपावली मनाकर मानवता और सेवा की मिसाल पेश की।

यह कार्यक्रम भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय नई दिल्ली से प्रायोजित तथा संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय अंबिकापुर के मार्गदर्शन में संचालित हुआ। आयोजन का नेतृत्व कार्यक्रम समन्वयक डॉ. एसएन पांडेय, जिला संगठक प्रो. एमसी हिमधर और महाविद्यालय की प्राचार्य सह कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप ने किया। 18 अक्टूबर को छात्राएं ग्राम धौराटिकरा स्थित वृद्धाश्रम पहुंचीं, जहां उन्होंने वहां के वरिष्ठ नागरिकों के साथ दीपावली का उल्लास साझा किया। इस दीपावली की सबसे खास बात यह रही कि इसमें पटाखे नहीं फोड़े गए, बल्कि छात्राओं ने अपने समूह नृत्य प्रस्तुतियों जैसे दुर्गा पूजा, गणेश पूजा आदि अवसरों पर से एकत्रित धन का सदुपयोग करते हुए वृद्धजन के लिए दैनिक उपयोग की वस्तुएं खरीदी और उन्हें भेंट कीं। उपहार प्राप्त कर वृद्धजन के चेहरों पर प्रसन्नता और आशीर्वाद की मुस्कान देखने लायक थी। उन्होंने छात्राओं को पढ़ाई में मन लगाने, आगे बढ़ने और हमेशा बड़ों का आशीर्वाद लेने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ.आरएन कच्छप, रितेश कुमार गुप्ता, श्रीमती उर्मिला, श्रीमती अनिता सहित राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राएं लल्ली, सुहानो, चंदा, आरती कुजर, श्वेता, निशा, पूजा, पूजा राजवाड़े और रोशनी उपस्थित रहीं। छात्राओं ने वृद्धजन का हालचाल जाना और उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दीं। उल्लेखनीय है कि प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप द्वारा महाविद्यालय में पिछले वर्ष से ही वृद्धजन के प्रति सम्मान और स्नेह की भावना जागृत करने के लिए कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है।

# एसईसीएल कालोनी के तीन मकानों में लाखों की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

कोयलांचल बिश्रामपुर के तीन आवासीय क्वार्टरों में अज्ञात चोरों ने दबिश देकर नगदी समेत अन्य सामानों की चोरी कर ली है,पुलिस द्वारा मामले में सीसीटीवी खंगालकर आरोपियों की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है,नगर पंचायत बिश्रामपुर के वार्ड नंबर 7 एसईसीएल माइनर्स कॉलोनी क्वार्टर नंबर 253 निवासी कॉलरी कर्मी मोहर साय पैकरा व क्वार्टर नंबर 255 निवासी बुधराम दीपावली मनाने परिवार समेत अपने गृह क्षेत्र गए थे, इसी बीच अज्ञात चोरों ने बीती रात दोनों सुने मकान का सामने दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है,बताया गया है कि चोरों द्वारा दोनों ही सुने मकान से नगदी समेत जेवरात व अन्य सामानों की चोरी कर ली है,चोरों द्वारा यहां पर बच्चों के गुल्लक तक को फोड़कर उसमें जमा पैसे चुरा लिए हैं, इसी तरह अज्ञात चोरों द्वारा बीती रात करीब दस बजे नपं बिश्रामपुर के वार्ड नंबर 11 निवासी प्रदीप महापात्रा के क्वार्टर नंबर 124 में प्रदीप महापात्रा की पत्नी जब भोजन उपरांत अपने 10 वर्षीय बच्चे को घर में सोता छोड़कर घर के जाली वाले दरवाजे में ताला लगाकर पड़ोस के घर तरफ चली गई थीं, इसी बीच अज्ञात चोरों ने कुंडी सहित ताले और जाली को निकालकर घर के अंदर घुसकर आलमारी के लॉक को तोड़कर जेवर और नगदी पार कर दिया है,दीपावली के मौके पर कई लोगों द्वारा अपने गृह क्षेत्र में त्यौहार मनाने जाने का फायदा उठा अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है,तीनों मामले में बिश्रामपुर पुलिस द्वारा मौके पर पहुंच वस्तुस्थिति का जायजा लेने उपरांत अज्ञात आरोपियों की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी गई है।

- बच्चों के रखे गुल्लक को भी नहीं बक्शा, तोड़कर ले गए चिलहर रकम



चोरों द्वारा तोड़ा गया आलमारी।

### ट्रेलर चोरी कर भाग रहे युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** अनजान व्यक्ति को लिफ्ट देना एक चालक को महंगा पड़ गया। अनजान व्यक्ति धोके से चालक से ट्रेलर लेकर फरार हो गया। गनीमत रही चालक ने अपने साथियों के साथ पीछा कर आरोपी युवक को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। मणिपुर थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एमपी जैतहर निवासी 40 वर्षीय संतोष राठौर आ. द्वारिका प्रसाद आदित्य ट्रेलर सर्विस ट्रांसपोर्ट रायपुर की कंपनी का ट्रेलर चलाता है। युवक ट्रेलर क्रमांक सीजी 04 पीए 9848 से थ्रेसर लेकर अंबिकापुर आया था और नमनाकला में थ्रेसर अनलोड करने के बाद वापस जा रहा था। इस दौरान सांडबार बेरियर के समीप एक व्यक्ति ने हाथ देकर ट्रेलर को रुकवाया और खुद भी चालक बताकर लिफ्ट मांगा। ऐसे में संतोष राठौर ने उसे लिफ्ट दे दिया। इस दौरान जोगीबांध के समीप एक दुकान में सामान लेने के लिए चालक ने ट्रेलर को रोका और नीचे उतारकर सामान लेने चला गया। इसी मौके का फायदा उठाकर अज्ञात युवक ट्रेलर को चालु कर भागने लगा। ऐसे में चालक संतोष राठौर भी पीछे पीछे भाग रहा था। गनीमत रही की उसकी कंपनी का एक और ट्रेलर पीछे से आ रहा था जिसे रुकवाने के बाद उसने अपने साथी को मामले की जानकारी दी और दोनों मिलकर चोर का पीछा करने लगे। इस दौरांन लखनपुर बस्ती के पहेल मोड़ पर चोर ट्रेलर को मोड़ नहीं पाया और टेलर को वहीं छोड़कर भागने लगा अ.इस दौरान चालक संतोष राठौर ने अपने साथी सीताराम राठौर के साथ मिलकर पकड़ लिया और पुलिस को मामले की सूचना दी। ट्रेलर चोरी का भाग रहे चोर की पहचान उदयपुर थाना अतंर्गत ग्राम ललाती निवासी 22 वर्षीय विपिन सिंह बादी आ. कृपाल सिंह के रूप में की गई है। पुलिस ने फिलहाल ट्रक को जब्त करने के साथ ही विपिन सिंह बादी को बीएनएस की धारा 303(2) के तहत गिरफ्तार कर लिया है।



## बसनारा, रसौकी जंगल एवं रेडिया नदी किनारे मिला पदचिन्ह

# चांदनी-बिहारपुर में बाघ की मौजूदगी से ग्रामीणों में हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/बिहारपुर।

गुरू घासीदास-तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व से सटे चांदनी बिहारपुर क्षेत्र में बाघ की धमक से एक बार फिर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया है। सूचना पर वन अमला अलर्ट हो गया है तथा बाघ के भ्रमण की जानकारी एकत्र कर रहा है।

गुरु घासीदास नेशनल पार्क के रास्ते सालों भर बाघ सहित अन्य हिंसक वन्य जीवों की आवाजाही होते रहती है। पिछले डेढ़ सालों से हिंसक वन्य जीवों की हलचल तेज हुई है। बाघ सहित अन्य हिंसक वन्य जीवों की मौजूदगी को सरगुजा के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से सटा होने के कारण पूर्व में भी गुरु घासीदास नेशनल पार्क के रास्ते बाघ सरगुजा पहुंचते थे तथा विभिन्न जंगलों का भ्रमण कर वापस लौट जाते थे लेकिन गुरु घासीदास नेशनल पार्क और तमोर पिंगला अभ्यारण्य में अनुकूल परिस्थतियों के निर्मित होने के बाद अब बाघ सहित अन्य हिंसक जीव यहां लम्बे समय तक रुक रहे है। डेढ़ महीने पूर्व भी गुरु घासीदास टाईगर रिजर्व से सटे मोहरसोप जंगल सहित आस पास के क्षेत्रों में बाघ के पदचिन्ह देखे गए थे। दो दिन पूर्व बसनारा जंगल में बाघ का पदचिन्ह देखा तो वन अधिकारियों को सूचना दी। वन अधिकारियों ने पदचिन्ह का निरीक्षण कर जंगल में बाघ के मोजूद होने की पुष्टि की थी। शनिवार को रसौकी जंगल में जबकि रविवार को गढ़वतिया देवी धाम के आस रेड़ीया नदी किनारे बाघ का पदचिन्ह पाया गया है। टाइगर रिजर्व से सटे जंगल एवं नदी किनारे पदचिन्ह मिलने पर वन अमला सतर्क हो गया है तथा बाघ के भ्रमण की जानकारियां एकत्र कर रहा है। वनकर्मी ग्रामीणों को भी जंगल में बाघ के मौजूद होने का हवाला देकर जंगल की ओर नहीं जाने की सलाह दे रहे है। इस संबंध में डिप्टी रेंजर सूर्यभान सिंह ने बताया कि जंगल में बाघ के मौजूद होने की सूचना मिली है। वनकर्मी बाघ की निगरानी करने के साथ ही ग्रामीणों को जागरूक कर रहे है।



**नहीं मिली है शिकार करने की सूचना**

क्षेत्र के जंगलों में तीन दिन से बाघ के मौजूद होने के बावजूद अभी तक उसके द्वारा किसी मवेशी का शिकार करने की सूचना नहीं मिली है। अनुमान लगाया जा रहा है कि बाघ भूखा है तथा कभी भी जंगल में चरने जाने वाले मवेशियों को अपना शिकार बना सकता है। खतरे को देखते हुए वनकर्मी ग्रामीणों को मवेशियों को चराने के लिए जंगल में नहीं जाने तथा स्वयं भी सतर्कता बरतने के लिए जागरूक कर रहे है। क्षेत्र में बाद के मौजूद होने की सूचना पर गामीण भयभीत है तथा जंगल की ओर जाने से बच रहे है।

**बढ़ रही है शाकाहारी जीवों की संख्या**

गुरु घासीदास तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व का गठन होने के पूर्व से ही वन अमला जंगल को बाघों के रहवास के अनुकूल बनाने की कोशिशें कर रहा है। पूर्व में विभाग द्वारा गुरु घासीदास नेशनल पार्क एवं तमोर पिंगला अभ्यारण्य में बड़ी संख्या में शाकाहारी वन्य जीवों को छोड़ा गया था। इन शाकाहारी वन्य जीवों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। जंगल में वन्य जीवों के मौजूद रहने पर बाघों को आसानी से शिकार उपलब्ध हो सकेगा तथा वे लम्बे समय तक टाइगर रिजर्व में ठहरने के साथ ही अपने कुनबे को बढ़ा सकेंगे।

# चरचा माइन के अमन करेंगे एसईसीएल का प्रतिनिधित्व



**चरचा कॉलरी।** एसईसीएल कर्मियों ने एक बार फिर साबित किया है कि वे केवल खदानों में उत्पादन बढ़ाने में ही नहीं, बल्कि खेल के मैदान में भी अपनी प्रतिभा से कंपनी और क्षेत्र का गौरव बढ़ा रहे हैं।

इसी क्रम में चरचा माइन आरओ के जनरल असिस्टेंट (केटेगरी-1) पद पर कार्यरत अमन (एनईआईएस संख्या 58016815) का चयन इंटर कंपनी बॉडी बिल्डिंग, वेट लिफ्टिंग एवं पावर लिफ्टिंग टूर्नामेंट 2025-26 के लिए किया गया है। एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर के महाप्रबंधक (मा.सं. कल्याण) द्वारा जारी पत्र क्रमांक एसईसीएल, बीएसपी,कल्याण 2025-228 10 अक्टूबर के माध्यम से यह प्रतियोगिता घोषित की गई थी। यह राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता 14 से 16 अक्टूबर तक वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में आयोजित की जा रही है। इसमें देशभर की विभिन्न कोलफील्ड कंपनियों से चयनित खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। विभागाध्यक्ष, मा.सं. बैकुंठपुर क्षेत्र द्वारा जारी कार्यालय आदेश क्रमांक 4768 11 अक्टूबर के अनुसार अमन को 11 से 17 अक्टूबर तक प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कार्यमुक्त किया गया है। इस अवधि में वे कंपनी नियमों के अनुसार टीए/डीए के पात्र होंगे। आदेश को सक्षम अधिकारी द्वारा अनुमोदित किया गया है। प्रतियोगिता में चयन की सूचना मिलते ही चरचा माइन परिसर में हर्ष का माहौल देखने को मिला। सहकर्मियों और अधिकारियों ने अमन को बधाई दी। चरचा आरओ सहक्षेत्र प्रबंधक संजय कुमार ने कहा कि अमन जैसे युवा कर्मियों की भागीदारी से न केवल कंपनी की साख बढ़ती है, बल्कि कर्मचारियों में फिटनेस और खेल भावना के प्रति रुचि भी विकसित होती है।

- इंटर कंपनी टूर्नामेंट



# गदर के बाद अब गबरू बनेंगे सनी देओल

**मुंबई।** रविवार 19 अक्टूबर को अभिनेता सनी देओल ने अपना 68वां जन्मदिन मनाया। इस खास अवसर पर अभिनेता की नई फिल्म की घोषणा हुई है, जिसके फर्स्ट लुक में सनी पाजी प्रभावी अंदाज में नजर आ रहे हैं। अभिनेता सनी देओल की आगामी फिल्म का नाम 'गबरू' है। इस फिल्म को शशांक उदापुरकर ने लिखा और निर्देशित किया है। अभिनेता ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी आगामी फिल्म का फर्स्ट लुक जारी किया है। इसे साझा करते हुए अभिनेता ने कैप्शन में लिखा, 'शक्ति वो नहीं है जो आप दिखाते हैं, शक्ति वो है जो आप करते हैं! आप सभी के प्यार और आशीर्वाद के लिए धन्यवाद।

लाइफ Style



# परिणीति

## छोटी दिवाली को किया बेबी बॉय का वेलकम

एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा के घर छोटी दिवाली के खास मौके एक बड़ी खुशखबरी सुनने को मिली है। इस कपल ने इस शुभ अवसर पर अपने घर में नन्हे कदमों का वेलकम किया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

परिणीति चोपड़ा के पति राघव चड्ढा ने अपने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर इस खुशखबरी को बताते हुए एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने बेटे को जन्म देने की खबर दी है और साथ ही एक खूबसूरत कैप्शन लिखा है। इस गुड न्यूज को शेयर करते ही कपल के फैंस खुशी से झूम उठे हैं और कमेंट सेक्शन में बधाई की झड़ी लग गई है। एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा और पॉलिटिशियन राघव चड्ढा काफी समय से अपने घर पर नन्हे मेहमान के आने का इंतजार कर रहे थे और दोनों इसके लिए तैयारियों में लगे हुए थे। वहीं, रविवार सुबह ही एक्ट्रेस को हॉस्पिटल में एडमिट करने की खबरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गई, जिसके बाद से ही फैंस बेसब्री से खुशखबरी का इंतजार कर रहे थे। वहीं, राघव ने इंस्टाग्राम पोस्ट को शेयर करते हुए लिखा, 'आखिरकार वो आ गया! हमारा बेटा और सच में हमें पहले की अपनी जिंदगी याद नहीं रहती! बाहें पूरी, हमारे दिल और भी पूरे। पहले हमारे पास हम दोनों थे, अब हमारे पास सबकुछ है। बहुत ही आभार के साथ परिणिती और राघव।'' आपको बता दें परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा ने इस साल 25 अगस्त को अपनी प्रेग्नेंसी की गुड न्यूज दी थी।

हॉलीवुड मसाला



# चेहरे पर नकाब पहने दिखीं किम

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकन मॉडल और एक्ट्रेस किम कार्दशियन इस समय सुर्खियों में हैं। वजह है उनका अतंरगा आउटफिट। एक्ट्रेस लॉस एंजिल्स के एकेडमी म्यूजियम ऑफ मोशन पिक्चर्स में आयोजित पांचवें वार्षिक एकेडमी म्यूजियम गाला समारोह में शामिल हुईं। इस दौरान वो बोल्ड लुक में नजर आईं, लेकिन उन्होंने अपना चेहरा पूरी तरह से ढक रखा था। किम अपने अनोखे और अलबेले अंदाज के लिए जानी जाती हैं। एक बार फिर से एक्ट्रेस ने अपने नाटकीय अंदाज से सबको चौंका दिया। उन्होंने बेज रंग का आउटफिट पहना था और उनका चेहरा पूरी तरह से ढका हुआ था।




# द कलेक्टर और डॉक्टर डूलिटिल से मिली प्रसिद्धि

**लॉस एंजिल्स।** ब्रिटिश अभिनेत्री सामंथा एगर, जिन्हें द कलेक्टर में ऑस्कर-नामांकित भूमिका और डॉक्टर डूलिटिल में उनके यादगार अभिनय के लिए जाना जाता था। उनका 86 वर्ष की आयु में लॉस एंजिल्स में निधन हो गया। उनकी बेटी, अभिनेत्री जेना स्टर्न ने अपनी मां के अंतिम क्षणों को याद करते हुए तस्वीरें शेयर करते हुए भावुक श्रद्धांजलि अर्पित की। सामंथा एगर का जन्म साल 1939 में हुआ था। अपनी दौर की वो सबसे चर्चित अभिनेत्रियों में से एक थीं। उनकी सबसे चर्चित फिल्म साल 1965 में आई, जिसका नाम था 'द कलेक्टर', जो मनोवैज्ञानिक थ्रिलर फिल्म थी। इसमें उन्होंने टेरेंस स्टैम्प के साथ अभिनय किया था। मिरांडा ग्रे की उनकी दिलकश भूमिका के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के लिए अकादमी पुरस्कार नामांकन, साथ ही गोल्डन ग्लोब और कान फिल्म समारोह में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिला।



# किसिंग सीन पर चली सेंसर बोर्ड की कैंची

**मुंबई।** मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स की फिल्म 'थामा' को सेंसर बोर्ड ने फिल्म को यूए सर्टिफिकेट दिया है, यानि बच्चों से लेकर बूढ़ों तक सभी उम्र के लोग इस फिल्म का मजा थिएटर्स में जाकर ले सकेंगे। लेकिन, साथ ही साथ कई जगहों पर बदलाव भी किए गए हैं, जो हो सकता है कि कुछ सीन्स का मजा फीका या आधा कर दें। सीबीएफसी ने तीन जगह पर ऑडियो कट लगाया है और एक सीन बदलने को कहा है। इसके अलावा भी कई जगहों पर छोटे-बड़े बदलाव किए गए हैं। सेंसर बोर्ड ने फिल्म के एक सीन में खून पीने की आवाज को कम किए जाने को कहा है। इसके अलावा एक जगह पर 'अलेक्जेंडर' की जगह 'सिकंदर' शब्द इस्तेमाल करने को कहा। फिल्म में एक जगह पर 'अश्वत्थामा' शब्द का इस्तेमाल किया गया है, जिसे बोर्ड ने म्यूट करने को कहा है।



# ली जंग ने शेयर की शाहरुख संग सेल्फी

**मुंबई।** शाहरुख खान सऊदी अरब के रियाद में जॉय फोरम इवेंट शामिल हुए। इस इवेंट में सलमान, आमिर खान भी मौजूद थे। लेकिन, स्क्विड गेम सीरीज एक्टर ली जंग जे जब शाहरुख खान के साथ सेल्फी शेयर की तो फैंस की खुशी ठिकाना नहीं रहा। यूजर्स ने इस सेल्फी पर जमकर रिएक्शन दिए हैं। शनिवार रात 'स्क्विड गेम' सीरीज एक्टर ली जंग जे शाहरुख खान के साथ इंस्टाग्राम पर एक सेल्फी शेयर की। इस सेल्फी के साथ एक कैप्शन लिखा, 'आइकन शाहरुख खान के साथ होने पर सम्मानित महसूस कर रहा हूं।' सेल्फी में जी जंग और शाहरुख मुस्कुरा रहे हैं। फैंस को यह सेल्फी काफी पसंद आई है। यूजर्स ने जब शाहरुख खान और 'स्क्विड गेम' सीरीज एक्टर ली जंग की सेल्फी देखी तो इसे सदी का सबसे बड़ा कोलैब बताया।

टीवी मसाला

# बिग बॉस-19 में दिवाली बनी इमोशनल नाइट

**नई दिल्ली।** सलमान खान के शो 'बिग बॉस 19' में दिवाली के मौके पर कई धमाके देखने को मिलेंगे तो इमोशनल मोड़ भी आएगा। शनिवार को 'वीकेंड के वार' में सलमान खान ने फरहाना भट्ट और मालती चाहर सहित कई कंटेस्टेंट की क्लास लगाई। यह एपिसोड खास रहा क्योंकि रविवार वीकेंड के वार में प्रतिभागियों के परिवार वालों ने उनके लिए विशेष मैसेज भेजे हैं। इस एपिसोड में घरवालों के आंसू निकल रहे हैं, और इसका कारण सलमान की डांट नहीं, बल्कि परिवार वालों की तरफ से भेजे गए तोहफे और मैसेज हैं। शो का नया प्रोमो रिलीज हुआ है जिसमें फिल्म 'थामा'के लीड एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी, रश्मिका मंदाना और आयुष्मान खुराना नजर आ रहे हैं। प्रोमो में आयुष्मान खुराना कहते हैं कि आपके लिए बिग बॉस ने एक मेला लगाया है, जिसमें कई तोहफे हैं और ये आपके घर से आए हैं। प्रोमो में शहबाज को रोते हुए दिखाया गया है, क्योंकि वे अपनी बहन शहनाज गिल को देखकर इमोशनल हो जाते हैं। शहनाज कहती हैं कि वे घर में बहुत अच्छा खेल रहे हैं और उन्हें स्क्रीन पर देखकर सभी लोग खुश हैं, लेकिन वहां से आने की जल्दी न करें, क्योंकि फिलहाल घरवाले उनको मिस नहीं कर रहे हैं। इसके बाद फरहाना की मां का मैसेज दिखाया जाता है जिसमें उनकी मां कहती हैं, 'बेटा, तुम अकेले ही बहुत अच्छा खेलती हो शेरनी हो तुम शेरनी, बस जीत के आना." मां का मैसेज सुनकर फरहाना फूट-फूट कर रोती हैं। शो का पूरा माहौल दीपावली पर इमोशनल हो जाता है।



# मल्लिका ने बढ़ाया शो 'पति पत्नी और पंगा' का पारा

**मुंबई।** मल्लिका शेरावत काफी समय से फिल्मों से दूर हैं। हाल ही में वह शो 'पति पत्नी और पंगा'में नजर आईं। इस शो में उन्हें कुछ प्रतियोगियों के साथ फ्लर्ट करते देखा गया। यूजर्स ने मल्लिका के अंदाज को लेकर सोशल मीडिया पर मजेदार रिएक्शन दिए हैं। इन दिनों टीवी पर एक रियलिटी शो 'पति पत्नी और पंगा' दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। इस शो में कई सेलिब्रिटी कपल शामिल हैं। हाल ही में बतौर गेस्ट बॉलीवुड एक्ट्रेस मल्लिका शेरावत भी इस शो का हिस्सा बनी हैं। मल्लिका के आने से 'पति पत्नी और पंगा' का पारा बढ़ गया। मल्लिका शेरावत ने जब शो में एंट्री ली तो कुछ पुरुष प्रतियोगी उनसे फ्लर्ट करते दिखे। जब मल्लिका ने स्वरा भास्कर के पति के गालों को खींचा तो अभिषेक कुमार नाराज हो गए। इस बात पर शो के होस्ट मुनव्वर फारूखी से शिकायत करते दिखे। जब अभिषेक कुमार शिकायत कर रहे थे तो मल्लिका उनके करीब आती हैं और उनके गालों को हाथ लगा देती हैं। इस पर अभिषेक शरमा जाते हैं। यूजर्स ने भी अभिषेक कुमार और मल्लिका शेरावत वाले वीडियो पर रिएक्शन दिए हैं।



# कपूर और पटौदी परिवार ने मनाई दिवाली सैफ-करीना और करिश्मा ने दिए पोज

मुंबई। त्योहारों के मौसम में कई बॉलीवुड सेलेब्स अपने-अपने तरीके से दिवाली मना रहे हैं। हाल ही में कई सितारे एक्टर रवि दुबे और सरगुन मेहता की दिवाली पार्टी में पहुंचे और अपने लुक से महफिल को रौशन किया। इसी तरह से अब बॉलीवुड के सबसे मशहूर परिवार कपूर और पटौदी परिवार ने दिवाली मनाई है।



सैफ अली खान सोहा अली खान के साथ पोज दे रहे हैं। दोनों पोस्ट को कई यूजर्स लाइक कर रहे हैं और इस पर कमेंट कर रहे हैं। ज्यादातर यूजर्स ने सेलेब्स को दिवाली की शुभकामनाएं दी हैं। कई यूजर्स ने दिल वाला इमोजी कमेंट किया है। एक यूजर ने लिखा है 'बॉलीवुड का शाही परिवार।'

*कपूर परिवार की दिवाली :* सोशल मीडिया पर वायरल एक पोस्ट में देखा जा सकता है कि कपूर परिवार की महिलाओं ने दिवाली मनाई है। तस्वीर में नीतू कपूर ने नीली रंग की ड्रेस पहनी है। आलिया भट्ट ने गोल्डन साड़ी पहनी है। करीना कपूर हल्की फिरोजी ड्रेस में नजर आई हैं। वहीं, करिश्मा कपूर काले-सफेद ड्रेस में खूबसूरत लग रही हैं। एक दूसरी तस्वीर में करीना कपूर, नीतू कपूर के साथ पोज देते हुए पाउट बना रही हैं।

*पटौदी परिवार की दिवाली :* वहीं,पटौदी परिवार की दिवाली मनाते हुए तस्वीरें सोशल मीडिया पर आई हैं। एक तस्वीर में सैफ अली खान लाल और क्रीम कलर के धोती कुर्ता में नजर आ रहे हैं। एक तरफ लाल ड्रेस में उनकी बहन सोहा अली खान हैं तो दूसरी तरफ करीना कपूर पोज दे रही हैं। इस तस्वीर में कुणाल खेमू भी नजर आ रहे हैं। एक और तस्वीर में

*कपूर और पटौदी परिवार में नए सदस्य :* आपको बता दें कि आलिया भट्ट की शादी कपूर परिवार में रणबीर कपूर के साथ हो गई है, इसलिए वह कपूर परिवार का हिस्सा बन गई हैं। इसी तरह से करीना कपूर की शादी पटौदी परिवार में सैफ अली खान के साथ हुई है, इसलिए वह अब पटौदी परिवार का हिस्सा हैं।

# निखिल की दिवाली पार्टी में पहुंचीं नरगिस जेनेलिया ने रितेश संग बढ़ाई रौनक

मुंबई। इन दिनों बॉलीवुड में कई दिवाली पार्टी चल रही हैं। हाल ही में फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा की दिवाली पार्टी में कई फिल्मी सितारे नजर आए। शनिवार रात फिल्ममेकर निखिल आडवाणी ने भी दिवाली पार्टी दी, इसमें रितेश, जेनेलिया और नरगिस फाखरी के अलावा कई एक्टर्स पहुंचे। निखिल आडवाणी की दिवाली पार्टी में सबसे पहले नरगिस फाखरी को देखा गया। वह ऑरेंज कलर के लहंगे में पार्टी में शामिल हुईं। पैपराजी को नरगिस ने हैप्पी दिवाली कहा। साथ ही फोटो पोज भी आराम से दिए। जेनेलिया डिसूजा ने भी दिवाली पार्टी में पति रितेश देशमुख के साथ शिरकत की है। वह सुंदर सूट-सलवार में पार्टी में आईं। रितेश ने पार्टी में एंट्री लेते वक्त जेनेलिया का हाथ थामा हुआ था। दोनों अक्सर ही फैंस के लिए क्यूट कपल गोल सेट करते हैं।



## दिवाली पर सेलेब्स 'वोकल फॉर लोकल' कैंपेन को प्रमोट करते दिखे

# माधुरी को अपनी दुकान पर देख चौंकी दुकानदार, तृप्ति ने लोकल शॉप से लिए जूते

*मुंबई। दिवाली पर आम लोग लोकल दुकानों से शॉपिंग करते हैं, लेकिन कुछ बॉलीवुड सेलेब्स को भी ऐसा करते देखा गया। अपनी दुकान पर माधुरी दीक्षित से लेकर तृप्ति डिमरी तक को देखकर दुकानदार हैरान हो गए। सोशल मीडिया पर यह वीडियो वायरल हैं। इस पहल के जरिए सेलेब्स 'वोकल फॉर लोकल' कैंपेन को प्रमोट करते दिखे, यह भारत सरकार की दिवाली पर एक खास पहल है।*



**तृप्ति डिमरी :** अभिनेत्री तृप्ति डिमरी ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक वीडियो शेयर किया, इसमें वह एक लोकल दुकान से जूते खरीदती दिखीं। एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए वीडियो के साथ एक कैप्शन भी लिखा है। वह लिखती हैं, 'उन लोगों से खरीदारी करने में कुछ खास बात होती है जो आपका नाम, आपकी पसंद और आपके मूड को जानते हैं। इस दिवाली, मैं लोकल चुन रही हूं क्योंकि हर छोटी दुकान का दिल बड़ा होता है।'

**रुपाली गांगुली :** तृप्ति डिमरी, माधुरी दीक्षित के अलावा अभिनेत्री रुपाली गांगुली ने भी अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें वह एक साड़ी की दुकान पर पहुंचीं। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा है, 'एक त्योहार के मौसम से दूसरे त्योहार के मौसम तक, हमारी स्थानीय दुकानें दिवाली को बेहतर बनाने में कभी असफल नहीं होतीं। इस बार खरीदेंगे वहीं से, अपनों से। चलो उत्सव मनाते हैं। चलो स्थनीय दुकानों से खरीदारी करते हैं।'





**सुनील ग्रोवर :** अभिनेता सुनील ग्रोवर एक गिफ्ट शॉप पर पहुंचे हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है, 'दिवाली पर सब कुछ नया लेना जरूरी नहीं, बस अपने लोगों से लेना जरूरी है। लोकल दुकानों से शॉपिंग कीजिए। लोकल दुकानों को सेलिब्रेट कीजिए।'



**माधुरी दीक्षित :** माधुरी दीक्षित ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें वह एक लोकल दुकानदार के साथ सेल्फी लेती हैं। वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा है, 'दिवाली की रोशनी तभी पूरी लगती है, जब खुशी अपनों के साथ बांटी जाती है। चलो अपनी लोकल दुकान, अपने लोगों का समर्थन करें और एकता के प्रकाश को फैलाएं।'

**शंकर महादेवन :** गायक शंकर महादेवन एक मिठाई की दुकान पर पहुंचे हैं। उन्होंने इसका वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए लिखा, 'मिठाई की मिठास बढ़ जाती है, जब वह अपने शहर की लोकल दुकान से आती है। इस दिवाली वोकल फॉर लोकल के साथ अपनी खुशियों का सुर बनाएं।



**खबर संक्षेप**

## जिला स्तरीय महासंग्राम डांस प्रतियोगिता

बिर्रा। जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिर्रा के शांति चौक में दीपावली के अवसर पर जिला स्तरीय महासंग्राम डांस प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार 22 अक्टूबर को रात्रि 8 बजे से रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संतोष प्रजापति फिल्म अभिनेता एवं विशिष्ट अतिथि गगन जयपुरिया उपाध्यक्ष जिला पंचायत जांजगीर चांपा होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पीली बाई एकादशिया साहू सरपंच ग्राम पंचायत बिर्रा करेंगी। इस संबंध में जिला स्तरीय महासंग्राम डांस प्रतियोगिता के अध्यक्ष डॉक्टर कुश पटेल ने बताया कि जिला स्तरीय महासंग्राम डांस प्रतियोगिता में चार अलग-अलग विधाओं में डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। चारों विधाओं में अलग-अलग पुरस्कार भी रखा गया है। पहला नंबर ग्रुप डांस में प्रथम पुरस्कार 15000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 10000 रुपए, तृतीय पुरस्कार 7000 रुपए, चतुर्थ पुरस्कार 5000 रुपए और पंचम पुरस्कार 3000 रुपए रखा गया है। दूसरा नंबर युगल डांस पर प्रथम पुरस्कार 7000 रुपए, दूसरा पुरस्कार 5000 रुपए, तीसरा पुरस्कार 3000 रुपए, चौथा पुरस्कार 2000 रुपए और पांचवा पुरस्कार 1000 रुपए रखा गया है। इसी तरह तीसरा नंबर पर एकल डांस पर प्रथम पुरस्कार 5000 रुपए, दूसरा पुरस्कार 3000 रुपए , तीसरा पुरस्कार 2000 रुपए, चौथा पुरस्कार 1000 और पांचवा पुरस्कार 700 रुपए रखा गया है। और चौथा नंबर पर ब्रेक डांस में प्रथम पुरस्कार 2000 रुपए ,दूसरा पुरस्कार 1500 रुपए और तीसरा पुरस्कार 1000 रुपए, चौथा पुरस्कार 700 रुपए और पांचवा पुरस्कार 500 रुपए रखा गया है।

## व्यापारी सेवा समिति को मिला प्रेरणा सम्मान



राहौद। कभी-कभी सम्मान केवल किसी संस्था को नहीं, बल्कि उसके विचार, भावना और कर्मशीलता को मिलता है। इसी भाव के साथ जांजगीर के ड्रीम प्वाइंट होटल में आयोजित हरीलीला ट्रस्ट के सम्मान समारोह में व्यापारी सेवा समिति, राहौद को "प्रेरणा सम्मान" से नवाजा गया। यह समारोह ट्रस्ट के अध्यक्ष लीलाधर सुलतानिया के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित हुआ, जिसमें प्रदेश के कई जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे।समाज सेवा को जीवन का लक्ष्य मानने वाली इस समिति ने वर्षों से मानवता की सेवा में जो उदाहरण पेश किए हैं, वह आज एक संस्था नहीं, आंदोलन बन चुके हैं। श्री सुलतानिया ने सम्मान प्रदान करते हुए कहा कि "व्यापारी सेवा समिति ने निस्वार्थ भाव से जो कार्य किए हैं, उन्होंने समाज में सेवा की परिभाषा को और गहराई दी है। कार्यक्रम में जांजगीर विधायक व्यास कश्यप, वरिष्ठ भाजपा मंत्री नारायण चंदेल, अकलतरा विधायक राघवेंद्र सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया, दिनेश सिंह एवं युवा मोर्चा के राहुल टिकरिया सहित अनेक गणमान्य अतिथि शामिल हुए। सम्मान ग्रहण करते हुए समिति सदस्य आलोक अग्रवाल ने भावपूर्ण शब्दों में कहा कि यह सम्मान केवल व्यापारी सेवा समिति का नहीं, बल्कि हर उस व्यक्ति का है जो निस्वार्थ भाव से समाज के लिए कुछ करने की सोच रखता है। यह हमारे लिए प्रेरणा है, ऊर्जा है और एक नई जिम्मेदारी भी।

### कमरे में बंद कर बच्चों के सामने फावड़े से मारकर उतारा मौत के घाट

# बीमार बच्चे का इलाज कराने बोला तो सनकी युवक ने कर दी पत्नी की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

एक सनकी युवक ने कमरे में बंदकर पर बच्चों के सामने ही पत्नी की हत्या कर दी। महिला सिर्फ बीमार बच्चे का उपचार करने की जिद कर रही थी। इसी बात से नाराज होकर सनकी युवक ने पत्नी को दर्दनाक मौत दे दी। इस घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द करने के साथ ही आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

**खास बात**
- पुलिस ने दरवाजा तोड़करी किया गिरफ्तार

बताया जा रहा है कि विजयनगर चौकी अंतर्गत ग्राम गम्हरिया निवासी 33 वर्षीय अशोक कोरवा आ. श्रीराम कोरवा 18 अक्टूबर की रात अपने रिश्तेदार चाचा के घर ग्राम महावीरगंज गया हुआ था। अशोक कोरवा का पुत्र बीमार था और बीमार पुत्र के इलाज को लेकर युवक की पत्नी 30 वर्षीया तेतरी बाई बार बार जिद कर रही थी। बार बार बच्चे के उपचार के लिए बोलने से युवक भड़क उठा और शाम लगभग 7.30 बजे अपनी पत्नी और दो बच्चों को कमरे के अंदर खुद को बंद कर लिया जबकि दो बच्चों को बाहर भगा दिया। इस दौरान सनकी युवक ने फावड़ा से महिला पर हमला कर दिया। महिला की चीख पुकार सुनकर लोगों ने दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया लेकिन दरवाजा नहीं खुला। ऐसे दौरान परिजन ने पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलने के बाद चौकी प्रभारी अश्विनी सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और टांगी से दरवाजा को तोड़ा। दरवाजा टूटने के बाद जब पुलिस टीम अन्दर पहुंची तो उनके होश उड़ गए। महिला के दो बच्चे कोने में छिपकर बैठे हुए थे जबकि आरोपी अशोक कोरवा खून से सना फावड़ा लेकर बैठा हुआ था जबकि महिला खून से लथपथ पड़ी हुई थी। आरोपी ने पत्नी पर फावड़ा से ताबड़तोड़ वार कर उसकी हत्या कर दी। इस मामले में पुलिस ने लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द करने के साथ ही आरोपी अशोक कोरवा को बीएनएस की धारा 103(1) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## बच्चों के साथ सो रही पत्नी को युवक ने उतारा मौत के घाट



बलरामपुर। घर में बच्चों के साथ सो रही पत्नी की डंडे से हमला कर हत्या करने का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने जांच उपरांत आरोपी पति को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि त्रिकुंडा थाना अंतर्गत ग्राम पलगी केकरझरिया निवासी 32 वर्षीय अयोध्या खैरवार आ. स्व. रामप्रीत खैरवार की दिमागी हालत जुलाई महीने से ठीक नहीं थी। अयोध्या खैरवार का उपचार उसके सुसराल ग्राम मरमा में चल रहा था। दिमागी हालत में सुधार होने पर 12 अक्टूबर को ही वह अपने गांव पलगी केकरझरिया पहुंचा था। इस दौरान 17 अक्टूबर की शाम 7-8 बजे के बीच पूरा परिवार खाना खाकर अपने अपने कमरे में सोने चला गया था। इस दौरान घर के परछी में अयोध्या खैरवार की पत्नी फूलकुमारी अपने बच्चे व सास के साथ अलग अलग चारपाई पर सो रही थी। रात लगभग 9 बजे अयोध्या खैरवार ने अचानक ही बिस्तर से उठकर लकड़ी के डंडे से सो रही पत्नी के सिर पर हमला कर दिया। युवक ने पत्नी के सिर, कनपटी, जबड़ा को बुरी तरह से जख्मी कर दिया। घटना के समय आवाज सुनकर अयोध्या खैरवार का भाई दिनेश खैरवार भी अपने कमरे से निकलकर मौके पर पहुंचा और किसी तरह अपने भाई को पकड़कर काबू में किया और शोर मचाकर बाकी लोगों को जगाया। शोर सुनकर परिवार के सदस्य जग गये जबकि पड़ोसी देवनाथ पंडो भी मौके पर पहुंचा। युवक के हमले में उसकी पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई थी। आरोपी युवक के भाई दिनेश खैरवार ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

- त्रिकुंडा थाना क्षेत्र का मामला, आरोपी गिरफ्तार



## नर्सरी ग्राउंड बना शराबियों का अड्डा, युवाओं में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा

शिवरीनारायण क्षेत्र के ग्राम पंचायत तुस्मा स्थित नर्सरी ग्राउंड जो कभी युवाओं के खेल-कूद और सामाजिक कार्यक्रमों का केंद्र हुआ करता था, आज शराबियों का अड्डा बन गया है। शाम होते ही यहां शराबियों की महफिलें सजने लगती हैं। खुलेआम शराब सेवन, गाली गलौज और उत्पात आम बात हो हो गया है।

हाल ही मे शिवरीनारायण पुलिस ने नर्सरी ग्राउंड और बाईपास रोड पर शराब पीने वालों के विरुद्ध अभियान चलाकर कई लोगों पर कार्रवाई की थी। उस समय कुछ दिनों तक शांति बनी रही, लेकिन अब स्थिति फिर से जस की तस हो गई है। ऐसा प्रतीत होता है कि शराबियों में कानून का कोई डर नहीं बचा है। पुलिस की सख्ती के बावजूद, शाम ढलते ही शराबियों का जमावड़ा देखना आम बात हो गई है। ग्रामीणों ने बताया कि मैदान के चारों ओर शराब की बोतलें,डिस्पोजल कप और कचरा फैला रहता है, जिससे वहां खेलना तो दूर, बच्चों और महिलाओं का गुजरना भी मुश्किल हो गया है। स्थानीय युवाओं ने कई बार इन शराबियों को समझाने की कोशिश की, लेकिन नशे में धुत्त लोग उल्टे उन्हें धमकाने लगते हैं। इससे क्षेत्र में भय और असुरक्षा का माहौल बन गया है। विगत पंचायत बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि यदि कोई व्यक्ति नर्सरी ग्राउंड में शराब पीते पकड़ा जाएगा तो उसे 5000 का जुर्माना भरना होगा परंतु यह नियम आज ठंडे बस्ते में चला गया है। पंचायत की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाने के कारण शराबियों के हौसले बुलंद हैं। ग्रामीणों और युवाओं ने अब स्थानीय पुलिस प्रशासन से गुहार लगाई है कि इस समस्या पर तत्काल कार्रवाई की जाए। वीरेंद्र बंजारे, चिरंजीव साहू,पप्पू साहू एवं स्थानीय युवा संगठन के सदस्य ने कहा कि नर्सरी ग्राउंड गांव की पहचान है। अगर इसे शराबियों के कब्जे से मुक्त नहीं कराया गया, तो आने वाली पीढ़ी यहां खेलने से भी कतराएगी।

- ग्रामीणों ने पुलिस से कड़ी कार्रवाई करने की मांग

## गोधना-कांसा पहुंच मार्ग बदहाल, लोग परेशान

गोधना। गोधना से कांसा पहुंच मार्ग बदहाल हो गया है। इसके चलते आवागमन में परेशानी हो रही है। आजादी के 79 वर्ष बाद भी यह सड़क अब तक पक्की नहीं हो पाई है। बरसात के दिनों में यह रास्ता दलदल में बदल जाता है, जबकि गर्मी के मौसम में यहां धूल के गुबार उड़ते रहते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने इस सड़क की मरम्मत और निर्माण की मांग कई बार प्रशासन से कर चुके है। बावजदू अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

विकास के दावे और योजनाओं के बीच गोधना से कांसा गांव तक का पहुंच मार्ग आज भी बदहाली की गवाही दे रहा है। महज तीन किलोमीटर की दूरी तय करना ग्रामीणों के लिए रोजमर्रा की परेशानी बन गया है। आजादी के 79 वर्ष बाद भी यह सड़क अब तक पक्की नहीं हो पाई है। बरसात के दिनों में यह रास्ता दलदल में बदल जाता है, जबकि गर्मी के मौसम में यहां धूल के गुबार उड़ते रहते हैं।स्थानीय निवासी सनत कुमार कश्यप बताते हैं कि बरसात के दिनों में यह रास्ता पूरी तरह से बंद हो जाता है। खेतों तक पहुंचना कठिन हो जाता है, जिससे खेती-किसानी पर सीधा असर पड़ता है। उन्होंने कहा, "बरसात में सड़क पर इतना कीचड़ भर जाता है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। कई बार हम लोग फिसल कर गिर जाते हैं, लेकिन कोई ध्यान नहीं देता। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने इस सड़क की मरम्मत और निर्माण की मांग कई बार प्रशासन तक पहुंचाई है। जनदर्शन कार्यक्रम में भी इस मार्ग की शिकायत दर्ज कराई गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। गांव के बुजुर्गों का कहना है कि कई बार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने सड़क बनवाने का आश्वासन दिया।

**आजादी के 79 वर्ष बाद भी नहीं बनी पक्की सड़क**




### जल्द सड़क निर्माण नहीं होने पर होगा आंदोलन

स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकारें बदलती रहीं, लेकिन सड़क की हालत जस की तस है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही सड़क निर्माण का कार्य शुरू नहीं किया गया तो वे सामूहिक रूप से आंदोलन करने को बाध्य होंगे। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से तत्काल पहल कर इस पहुंच मार्ग को पक्का बनाने की मांग की है ताकि आने-जाने में उन्हें राहत मिल सके और खेती-किसानी पर भी सकारात्मक असर पड़े।गोधना और कांसा के लोगों की यही उम्मीद है कि इस बार उनकी आवाज सुनी जाए और यह तीन किलोमीटर का रास्ता विकास की राह में बाधा नहीं, बल्कि प्रगति का प्रतीक बने।

## घिवरा में पांच दिवसीय महालक्ष्मी पूजा प्रारंभ

बिर्रा। ग्राम पंचायत घिवरा के मिलपारा मोहल्ला में जय मां लक्ष्मी नवयुवक उत्सव समिति एवं समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से धनतेरस एवं दीपावली के शुभ अवसर पर शनिवार 18 अक्टूबर को पांच दिवसीय लक्ष्मी पूजा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । शनिवार को मूर्ति स्थापना एवं वेदी पूजन के साथ महा लक्ष्मी पूजा कार्यक्रम का विधि विधान से आचार्य पंडित के द्वारा शुभारंभ कराया गया। इस संबंध में रामेश्वर प्रसाद तिवारी ने बताया कि आचार्य पंडित मनोज कुमार शुक्ला हैं। मूर्ति दाता एवं मुख्य यजमान राम शंकर कश्यप श्रीमती लक्ष्मी कश्यप है। ज्योतिरक्षक बैगा विशाल कश्यप, संतोष कश्यप, राम कश्यप को बनाया गया है । जसगीत में प्रतियोगिता 22 अक्टूबर बुधवार को रात्रि 8 से माता सेवा का फाइनल प्रतियोगिता रखा गया है। जसगीत प्रतियोगिता और झांकी जसगीत प्रतियोगिता दोनों में अलग-अलग प्रथम पुरस्कार 10000 रुपए एवं द्वितीय पुरस्कार 7000 रुपए और तृतीय पुरस्कार 5000 रुपए के साथ और अन्य आकर्षक पुरस्कार राशि आयोजन समिति के द्वारा रखा गया है। रमेश कश्यप, अर्जुन, संतोष साहू, विजय कश्यप के अलावा मोहल्ले के द्वारा महालक्ष्मी का पूजन भजन कीर्तन भक्ति मय माहौल में किया जा रहा है।



## गृह मंत्री से मिले भाजपा कार्यकर्ता



प्रदेश के डिप्टी सीएम एवं गृहमंत्री विजय शर्मा को ज्ञापन सौंपते भाजपा पदाधिकारी।

सक्ती। प्रदेश के डिप्टी सीएम एवं गृहमंत्री विजय शर्मा से जैजैपुर विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुलाकात की। इस दौरान किसानों के साथ धोखाधड़ी करने वाले विधायक को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की।

जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक बालेश्वर साहू पर चांपा थाना में धारा 420 ,467, 468, 471, 34 के अंतर्गत धोखाधड़ी का मामला दर्ज है। इसके अनुसार बालेश्वर साहू ने किसान राजकुमार शर्मा किसान श्रीमती रीता शर्मा एवं किसान जतिन शर्मा के बैंक खाते से धोखाधड़ी करके 42 लाख 78 हजार रु निकाल लिया है। पुलिस ने यह एफ आई आर दिनांक 3 अक्टूबर 2025 को दर्ज किया था। किंतु इतना समय गुजरने के बाद भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। अब तक गिरफ्तार नहीं होने से किसानों में असंतोष और आक्रोश है। बालेश्वर साहू विधायक बनने के पूर्व सेवा सहकारी समिति बम्हनीडीह एवं अफरीद में प्रबंधक थे एवं धान खरीदी केंद्र के अन्य सरकारी पदों पर थे। उनके कार्यकाल में उन्होंने गंभीर आर्थिक अनियमितता की है। गृह मंत्री से मुलाकात करने वालों में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चन्द्रा, गोपी सिंह ठाकुर, सोनसाय देवांगन, राम नरेश यादव, विक्रम सिंह ठाकुर, लोकेशन साहू, मोहन कुमारी साहू, हरनारायण यादव, चेतन महंत विक्रम चंद्रा, आशीष तिवारी, भूषण चंद्रा, ऋषि बनाफर, चौलेश्वर चंद्राकर सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

- धोखाधड़ी करने वाले विधायक को जल्द गिरफ्तार करने की मांग

## छात्र अभिनंदन समारोह व खेल प्रतियोगिता आयोजित

राहौद। नगर के इंदिरा गांधी कला एवं विज्ञान महाविद्यालय में शुक्रवार को (शिक्षा महाविद्यालय )छात्र- छात्राओं का स्वागत अभिनन्दन समारोह कार्यक्रम हर्ष और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। इस दौरान खेल प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

खेल प्रतियोगिता डीएलएड एवं बीएड प्रथम वर्ष के छात्र छात्रा बीएड एवं डीएलएड द्वितीय वर्ष के छात्र छात्राओं के बीच खेला गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति में सरस्वती वन्दना, स्वागत गीत, सामूहिक नृत्य के अलावा अन्य पारंपरिक गीत संगीत की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई।इस दौरान कार्यक्रम में महाविद्यालय के संचालक दीपक कश्यप , प्राचार्य डॉ. कनक सिन्हा, डॉ. निर्मल वर्मा,कार्यक्रम अधिकारी जयराम कश्यप, सहायक कार्यक्रम अधिकारी सुधा कश्यप तथा महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी आर एन कश्यप , सहायक प्राध्यापक जी पी कौशिक , ग्रंथपाल अनुरुद्ध कश्यप ने उपस्थित छात्र छात्राओं को संबोधित किया।इस अवसर पर श्याम साहू,प्रदीप वर्मा, नेहा ने अपना सहयोग प्रदान किया। नरेश देवांगन, संध्या कमल , रश्मि घृतलहरे, रूपाली घृतलहरे, तरुणाश्री साहू , कंचन कैवर्य ,कुलदीप नवरत्न, संजय पटेल ,तरुण कुमार ,कंचन कुर्रे , द्वास केवर्त,विजय खरे ,विजय कश्यप उपस्थित थे।



## जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने दिया एंबुलेंस

बिर्रा। स्वास्थ्य सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए दीपावली की शुभ अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष के द्वारा 15वें वित्त की राशि से जिला पंचायत सदस्य निधि से विकासखंड बम्हनीडीह के सबसे बड़े ग्राम पंचायत बिर्रा को चिकित्सा सेवा की भावना से समर्पित होकर एक नया एम्बुलेंस दिया गया है। यह एम्बुलेंस सेवा निश्चित ही स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त करने के उद्देश्य से एवं बिर्रा के ग्रामवासियों को आपातकालीन स्वास्थ्य सुविधाएं तुरंत उपलब्ध कराने में मदद करेगी।

**TOP IN CORIYA**







